प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

0000

बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप जीतने पर बधाई दी है। एशिया कप टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। भारत ने 9वीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी टीम इंडिया को उनकी जीत पर बधाई दी है।

जीएसटी—खाद्य वस्तुएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के जी एस टी सुधारों की घोषणा की थी। जी एस टी परिषद ने उनकी कल्पना को साकार करते हुए तीन सितम्बर को लोगों का जीवन आसान बनाते हुए जी एस टी दरों को तर्कसंगत बनाने और कई क्षेत्रों में कर दर में कटौती करने को मंजूरी दी थी। आज हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि खाद्य वस्तुओं में इन सुधारों से कैसे आम जनता को मदद मिली है।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के सातवे दिन आज माँ दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मां का यह स्वरूप अंनत और व्यापक है। कालरात्रि अर्थात काल को जीतने वाली है। मां काली की पूजा से सब कुछ सिद्ध होता है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों में श्रद्धालु सुबह से ही पूर्ण श्रद्धा व आस्था से पूजा—अर्चना कर रहे है और मंदिरों में भजन—कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

एचपीएमसी

भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने एच पी एम सी पर कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा है कि मानसून खत्म होने के बाद भी बागवानों का सेब अभी तक सड़कों में पड़ा हुआ है और यदि इसे समय पर नहीं बेचा गया तो आने वाले समय में बागवानों को एचपीएमसी से इसकी पेमेंट भी नहीं मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि समय पर एचपीएमसी खरीद केंद्र न खोलने और नीलामी व ट्रांसपोर्टेशन में अव्यवस्था के चलते बागवानों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

ईवी चार्जिंग स्टेशन

केंद्र सरकार ने पीएम ई–ड्राइव योजना के अंतर्गत पूरे देश में लगभग 72 हजार 300 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के दिशा निर्देश जारी किये हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह स्टेशन सरकारी परिसरों, राजमार्गों, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों और वाणिज्यिक परिसरों में स्थापित किये जायेंगे। दिशा निर्देशों के अनुसार, सरकारी कार्यालय, आवासीय कॉलोनियाँ, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान में बुनियादी ढाँचे और चार्जिंग उपकरणों पर 100 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। इन केन्द्रों पर मुफ्त सार्वजनिक पहुँच आवश्यक होगी। रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, बस टर्मिनल, मेट्रो स्टेशन, नगरपालिका पार्किंग स्थल, सार्वजनिक क्षेत्र के बंदरगाह, सरकारी तेल कंपनियों के खुदरा आउटलेट और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा राज्य सरकारों के टोल प्लाजा के लिए, सब्सिडी बुनियादी ढाँचे की लागत का 80 प्रतिशत और चार्जिंग उपकरणों की लागत का 70 प्रतिशत मिलेगी।

———————————